प्रेस नोट – थाना कटरा
जनपद शाहजहाँपुर
सराहनीय कार्य दिनांक-26.04.26

थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वांछित तीन अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में तथा श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण व व प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान—चिह्नित अपराधियों की गिरफ्तारी, वांछित/वारंटी/जिलाबदर अपराधियों की तलाश, अवैध शराब, शस्त्र, अफीम/चरस के निर्माण व बिक्री की रोकथाम तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं गश्त—के दौरान थाना कटरा पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण-

कि दिनांक 24.04.2026 को वादी मुकदमा द्वारा दिनांक 20.04.2026 को वादी के पुत्र सौरभ की बारात की चढ़ाई के समय, जब बारात राजपाल पुत्र रामसिंह यादव निवासी ग्राम लाईखेड़ा, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर के दरवाजे के सामने पहुँची, तभी अभियुक्तगण राजपाल आदि 05 नामजद एवं 05-06 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दूल्हे की बग्गी को रोककर जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया गया। वादी एवं बारातियों द्वारा विरोध करने पर अभियुक्तगण द्वारा वादी, वादी के भाई विनोद, वादी के पुत्र सौरभ एवं सचिन के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की गई। साथ ही वादी के पुत्र सौरभ को बग्गी से उतारकर भैंस की शाकर से गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त संबंध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 110/26 धारा 191(2)/109(1)/115(2)/352/351(3)/126(2) बी.एन.एस. व 3(2)(v) एससी/एसटी एक्ट बनाम 1.राजपाल पुत्र रामसिंह यादव 2.सुमित पुत्र राजपाल 3.अमित पुत्र राजपाल 4.सोवेन्दर पुत्र रामसिंह 5. अवधेश पुत्र राजपाल सर्व निवासीगण ग्राम लाईखेड़ा, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर तथा 05-06 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण—1.राजपाल पुत्र रामसिंह यादव 2.सुमित पुत्र राजपाल 3. अवधेश पुत्र राजपाल को निवासीगण ग्राम लाईखेड़ा, थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 26.04.2026 को समय करीब 13:07 बजे ग्राम लाईखेड़ा के बाहर रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से एक अदद भैंस की शांकर, जो घटना में प्रयोग की गई थी, बरामद की गई। अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा उन्हें मा0 न्यायालय के समक्ष समय से प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1.राजपाल पुत्र रामसिंह यादव निवासी ग्राम लाईखेडा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 50 वर्ष
2. सुमित पुत्र राजपाल निवासी ग्राम लाईखेडा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 22 वर्ष
3. अवधेश पुत्र राजपाल निवासी ग्राम लाईखेडा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 28 वर्ष

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 110/26 धारा 191(2)/109(1)/115(2)/352/351(3)/126(2) BNS व 3(2)(v) SC/ST Act थाना कटरा शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी का स्थान/समयः-

ग्राम लाईखेडा के बाहर रोड से थाना कटरा शाहजहाँपुर दिनांक- 26.04.26 को समय 13.07 बजे

बरामदगी का विवरणः-

वादी के पुत्र सौरभ को जान से मारने की नियत से प्रयोग मे लाई गयी एक अदद भैस की शांकर

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1.उ0नि0 श्री सागर मानव थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2.का0 2316 राजीव कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 2685 प्रवीन शर्मा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4.का0 2195 संदीप सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर